Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **भरतपुर में सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, भरतपुर को आकस्मिक चैंकिग के दौरान 3 लाख 60 हजार रुपये संदिग्ध राशि के साथ पकड़ा**

जयपुर, *20 सितम्बर, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की भरतपुर इकाई द्वारा आज लुधावई टोल प्लाजा, भरतपुर पर आकस्मिक चैंकिग की कार्यवाही करते हुये **कृष्ण कुमार खण्डेलवाल सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, भरतपुर** को **3 लाख 60 हजार रुपये** की संदिग्ध राशि के साथ पकड़ा हैं।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की भरतपुर इकाई को एक गोपनीय सूत्र सूचना प्राप्त हुई कि संदिग्ध कृष्ण कुमार खण्डेलवाल सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, भरतपुर अपने अधीनस्थ कार्यालयों से अवैध वसूली कर भारी धनराशि के साथ भरतपुर से जयपुर आ रहे हैं।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में एसीबी की भरतपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित सिंह** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज लुधावई टोल प्लाजा, भरतपुर पर आकस्मिक चैंकिग की कार्यवाही करते हुये **कृष्ण कुमार खण्डेलवाल सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, भरतपुर** को **3 लाख 60 हजार रुपये** की संदिग्ध राशि के साथ पकड़ा हैं। संदिग्ध राशि के संबंध में पूछने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया जिस पर संदिग्ध राशि को कब्जा ए.सी.बी. लिया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**